21/07/2025

आकाशवाणी ईटानगर

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। विपक्षी सदस्य पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर तत्काल चर्चा की मांग कर रहे थे। तीसरे स्थगन के बाद शाम 4 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, कांग्रेस, द्रमुक, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों ने नारेबाजी शुरू कर दी। पीठासीन अधिकारी ने प्रदर्शनकारी सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने का आग्रह करते हुए कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है और सूचीबद्ध विधेयकों पर चर्चा होनी चाहिए। शोर-शराबा जारी रहने पर सभापति ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।

0000000000000000000000

संसद ने आज राज्यसभा द्वारा अनुमोदित बिल ऑफ लैडिंग विधेयक 2025 को पारित कर दिया है। लोकसभा इस वर्ष मार्च में ही इस विधेयक को पारित कर चुकी है। इसका उद्देश्य नौवहन दस्तावेजों के लिए कानूनी ढाँचे को अद्यतन और सरल बनाना है। यह भारतीय बिल ऑफ लैडिंग अधिनियम, 1856 का स्थान लेगा। राज्यसभा में विधेयक पर हुई बहस का उत्तर देते हुए, केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद, मंत्रालय ने एक विज़न प्लान तैयार किया जिसके तहत सागरमाला कार्यक्रम शुरू किया गया और 805 से अधिक परियोजनाओं की पहचान की गई।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन और अरुणांक, ब्रह्मांक और उदयांक परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में अरुणाचल प्रदेश में सड़क अवसंरचना को और मज़बूत करने के उपायों पर चर्चा हुई और दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्यमंत्री ने अंतिम छोर तक संपर्क बढ़ाने, सीमाओं की सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के उद्देश्य से चल रही बीआरओ परियोजनाओं की भी समीक्षा की। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने राज्य के कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में समुदायों को जोड़ने, स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए बीआरओ के सराहनीय कार्यों की सराहना की।

00000000000000

वेस्ट कामेंग जिले के किमी स्थित कामेंग हाइड्रो पावर स्टेशन में आज इंजीनियरों के लिए पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। राज्य सरकार के जल विद्युत विकास विभाग के कुल 11 इंजीनियर भी इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सतत ऊर्जा विकास में व्यावहारिक शिक्षा, ज्ञान के आदान-प्रदान और बेहतर संस्थागत तालमेल को बढ़ावा देना है।

000000000000000000

विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने कल दोलुंगमुख स्थित 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया।

उनके साथ एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजेंद्र प्रसाद गोयल और निदेशक संजय कुमार सिंह भी थे। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना, सुबनसिरी लोअर परियोजना, अपने चालू होने के चरण के करीब है। प्रतिनिधिमंडल ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और परियोजना के सुचारू और समय पर पूरा होने को सुनिश्चित करने के लिए अंतिम तैयारियों का आकलन किया। इस अवसर पर विधायक रोटोम तेबिन ने राज्य और देश के लिए सुबनसिरी परियोजना के रणनीतिक महत्व पर बल दिया। उन्होंने एनएचपीसी के तहत एक अन्य प्रमुख पहल, कामले जिले में 1700 मेगावाट की कमला जलविद्युत परियोजना पर भी अपडेट साझा किए।

0000000000000000000000

स्वच्छ नदी युवा मिशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्यमंत्री पेमा खांडू से उनके सचिवालय कार्यालय में मुलाकात की और अरुणाचल प्रदेश में नदी संरक्षण पर चिंता व्यक्त की तथा व्यापक नीति एवं प्रशासनिक कार्रवाई पर ज़ोर दिया। बैठक के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से "अरुणाचल प्रदेश नदी संरक्षण अधिनियम" का मसौदा तैयार करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के पर्यावरण या जल संसाधन विभाग के अंतर्गत एक समर्पित विभाग या प्रकोष्ठ की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा।

0000000000000000000000

एयर इंडिया का कोच्चि से मुंबई आ रहा विमान एआई 2744 ए320 (वीटी-टीवाईए) आज मुंबई हवाई अड्डे पर तेज बारिश के बीच लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। विमानन कंपनी एयर इंडिया ने एक बयान जारी कर घटना की पुष्टि की। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, खराब मौसम के कारण विमान लैंडिंग के तुरंत बाद रनवे से फिसल गया। सूत्रों ने बताया कि लैंडिंग के दौरान विमान के तीन टायर फट गए और विमान का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया होगा। इसके बाद, विमान टर्मिनल गेट तक पहुँचने में सफल रहा, जहाँ सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित रूप से उतर गये।

0000000000000000000000

मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग और कुरुंग कुमे ज़िलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश और भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा, राज्य के 16 ज़िलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

0000000000000000000000